## संपादकीय

# फिर खूनी खेल

जम्मू-कश्मीर में हुए अब तक के सबसे बड़े आतंकी हमले ने देश को हिलाकर रख दिया है। गुरुवार को पुलवामा जिले में श्रीनगर-जम्मू राजमार्ग पर जैश-ए-मोहम्मद के एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदी गाड़ी से सीआरपीएफ की बस को टक्क र मार दी, जिसमें 40 से भी अधिक जवान शहीद हो गए और कई गंभीर रूप से घायल हो गए। सीआरपीएफ के 78 वाहनों का काफिला 2500 जवानों को लेकर जम्मू से श्रीनगर आ रहा था। हमले से जाहिर है कि आतंकियों ने काफी सोच-समझकर लंबी तैयारी के बाद अपनी इस करतूत को अंजाम दिया है। सुरक्षा बलों के काफिले जम्मू-कश्मीर में आते-जाते रहते हैं, लेकिन इस तरह का हमला पहली बार ही हुआ है।

इससे एक बात तो साफ है कि आतंकियों को मूवमेंट की जानकारी पहले से थी। वैसे जब सुरक्षा बलों का काफिला निकलता है तो आम गाड़ियों को रोक दिया जाता है और उन पर नजर रखी जाती है। इस मामले में सेना और सीआरपीएफ के तौर-तरीके अलग जरूर हैं, पर पुलवामा में कुछ चूक भी हुई है। सवाल उठता है कि इतना ज्यादा विस्फोटक आत्मघाती हमलावर के हाथ कैसे लगा निश्चित रूप से यह सीमापार से आया है, और इस स्तर पर निगरानी में कोई बड़ी चूक हुई है। बताया जा रहा है कि खुफिया एजेंसियों ने सात दिन पहले ही ऐसे हमले की आशंका व्यक्त की थी। क्या इस चेतावनी को पर्याप्त गंभीरता से लिया गया

आतंकवाद को रोकने के लिए सबसे पहले एक फुलप्रूफ सुरक्षा-तंत्र की जरूरत है। इस घटना पर देश भर में गुस्सा है, जो स्वाभाविक है लेकिन यह वक्त संयम रखने का है। किसी को भी ऐसा कोई बयान नहीं देना चाहिए जिससे देश का माहौल बिगड़े। आतंकवाद से पूरे राष्ट्र को मिल कर लड़ना है और साजिश रचने वालों को जल्द से जल्द सख्त सजा भी देनी है। लेकिन यह काम दिल ठंडा रखकर ही हो पाएगा। इसके लिए हमें कई मोर्चों पर पहल करनी होगी।

सबसे पहले उन सबसे संवाद बनाना होगा, जो इस लड़ाई में हमारे सहयोगी हो सकते हैं। केंद्र सरकार ने जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर समेत अन्य आतंकियों की सूची को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की वैश्विक सूची में शामिल करने का आग्रह किया है और विश्व बिरादरी से अपील की है कि वह पाकिस्तान की धरती से संचालित आतंकी संगठनों पर प्रतिबंध लगाने के भारतीय प्रस्ताव का समर्थन करे। चीन ने पुलवामा हमले की निंदा तो की है, पर मसूद अजहर को वैश्विक आतंकवादियों की सूची में डालने की भारत की अपील का समर्थन करने से मना कर दिया है। हमें इस कोशिश को आगे भी जारी रखना होगा। ध्यान देने की बात है कि इस हमले को स्थानीय फिदायीन ने अंजाम दिया है। यह बात हमारे खिलाफ जाती है। कश्मीरी युवा यह रास्ता न पकड़ें, इसके लिए हमें वहां की आम जनता से दिल्ली की दूरी मिटानी होगी। हमारे हमले तभी कारगर होंगे, जब हमारा कवच पुख्ता होगा।

# पाक से आयात होने वाले सभी सामानों पर सीमा शुल्क बढ़ाकर 200 फीसदी किया गया: जेटली



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पुलवामा आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए मोस्ट फेवर्ड नेशन (एमएफएन) का दर्जा खत्म करने के बाद भारत ने पाकिस्तान से आयातित सभी तरह के सामानों पर सीमाशुल्क को बढ़ाकर 200 प्रतिशत कर दिया है। वित्त मंत्री अरुण जेटली ने यह जानकारी दी है।

वित्त मंत्री जेटली ने शनिवार शाम ट्वीट किया, पुलवामा घटना के बाद भारत ने पाकिस्तान से एमएफएन का दर्जा वापस ले लिया है। इसके हटने के बाद पाकिस्तान से भारत आने वाले सभी सामानों पर बेसिक कस्टम ड्यूटी को बढ़ाकर तत्काल प्रभाव से 200 फीसदी कर दिया गया है।

भारत ने पुलवामा में सीआरपीएफ जवानों पर आतंकी हमले के बाद शुक्रवार को पाकिस्तान का एमएफएन का दर्जा खत्म कर दिया था। भारत ने पाकिस्तान को विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) बनने के एक साल बाद 1996 में एमएफएन का दर्जा दे दिया था। हालांकि, पाकिस्तान ने अब तक भारत को यह दर्जा नहीं दिया था।

**क्या होगा असर?**

ड्यूटी बढ़ाए जाने का पाकिस्तान से भारत को होने वाले निर्यात पर बड़ा असर होगा, जो 2017-18 में करीब 3,482 करोड़ रुपये का था। पाकिस्तान प्रमुख तौर पर भारत को ताजे फल, सीमेंट, बड़े पैमाने पर खनिज एवं अयस्क, तैयार चमड़ा, प्रसंस्कृत खाद्य, अकार्बनिक रसायन, कच्चा कपास, मसाले, ऊन, रबड़ उत्पाद, अल्कोहल पेय, चिकित्सा उपकरण, समुद्री सामान, प्लास्टिक, डाई और खेल का सामान निर्यात करता है।

पाकिस्तान से मुख्यतौर पर आने वाले दो सामानों, फल और सीमेंट पर अभी क्रमशः 30-35त्न और 7.5त्न टैक्स ही लगता था। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि आयात शुल्क को 200 फीसदी बढ़ाने का मतलब पाकिस्तान से आयात बैन करने जैसा ही है।

**कितना कारोबार**

भारत पाकिस्तान के बीच कुल द्विपक्षीय व्यापार 2017-18 में मामूली बढ़कर 2.41 अरब डॉलर रहा जो 2016-17 में 2.27 अरब डॉलर था। भारत ने 2017-18 में 48.85 करोड़ डॉलर का सामान पाकिस्तान से आयात किया, जबकि 1.92 अरब डॉलर का सामान निर्यात किया गया।

## वंदे भारत एक्सप्रेस का पहला व्यावसायिक परिचालन शुरू

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** स्वदेश निर्मित, हाई-स्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस का निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार को यहां से पहला व्यावसायिक परिचालन शुरू हो गया।



गौरतलब है कि शनिवार को वाराणसी से दिल्ली पहुंचने के दौरान इसमें खराबी आ गई थी। रेल मंत्रालय के अनुसार, ट्रेन नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से सुबह छह बजे वाराणसी के लिए अपने पहले व्यावसायिक परिचालन के लिए रवाना हुई। रेल मंत्री पीयूष गोयल ने एक ट्वीट में कहा, वंदे भारत एक्सप्रेस अपने पहले व्यावसायिक परिचालन पर आज सुबह दिल्ली से वाराणसी के लिए रवाना हुई। अगले दो सप्ताह के लिए टिकट पहले ही बिक चुके हैं। अपनी (टिकट) आज ही बुक कराएं। चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आसीएफ) द्वारा निर्मित ट्रेन शनिवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी से लगभग 194 किलोमीटर दूर उत्तर प्रदेश के चमरौला स्टेशन पर खराब हो गई थी। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हरी झंडी दिखाने के एक दिन बाद वाराणसी से दिल्ली लौट रही थी।

## जेपी इंफ्राटेक के अधिग्रहण की दौड़ में एनबीसीसी आगे, सुरक्षा एसेट रिकंस्ट्रक्शन पिछड़ी




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनबीसीसी दिवालिया एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता प्रक्रिया के तहत जेपी इंफ्राटेक के अधिग्रहण की दौड़ में आगे निकल गई है। कंपनी ने प्रतिद्वंद्वी सुरक्षा एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी से अधिक की बोली लगाई है। बोलियां शनिवार को सार्वजनिक की गईं। दोनों बोलीदाताओं को जेपी के कर्जदाताओं के साथ मकान के खरीदारों के समक्ष सोमवार को विस्तृत प्रेजेंटेशन देना होगा। समाधान पूरा होने में हालांकि एक माह के आसपास वक्त लग सकता है, क्योंकि कर्जदाता बैंक दोनों बोलीदाताओं की योजनाओं पर गौर कर विभिन्न मानदंडों पर उनकी रेटिंग करेंगे।

सूत्रों ने कहा कि एनबीसीसी ने आईडीबीआई बैंक के नेतृत्व वाले कर्जदाताओं को 1,000 करोड़ रुपये का भुगतान करने की पेशकश की है, जिन्होंने प्रॉजेक्ट को 9,800 करोड़ रुपये का कर्ज दिया है। एनबीसीसी ने कर्जदाताओं के साथ लैंड डील के जरिये 3,000 करोड़ रुपये का लोन चुकता करने के साथ ही मकान के खरीदारों के लिए 2,150 करोड़ रुपये अलग से रखने की भी पेशकश की है। एनबीसीसी की योजना की सबसे अहम बात ताज एक्सप्रेसवे को ग्रुप से अलग कंपनी मानना है। इससे 2,000 करोड़ रुपये का ताजा कर्ज लेने में मदद मिलेगी, जिनमें से 1,000 करोड़ रुपये प्रॉजेक्ट को पूरा करने में जाएंगे और बाकी रकम कर्ज का बोझ कम करने के लिए कर्जदाताओं को दिए जाएंगे। एनबीसीसी को 4 साल में प्रॉजेक्ट पूरा करना है।

जेपी इंफ्राटेक के पास हाउजिंग प्रॉजेक्ट के अलावा ताज एक्सप्रेसवे और जेपी हॉस्पिटल हैं। एक्सप्रेसवे से टोल टैक्स के रूप में राजस्व आता है।

## जाइडस हेल्थकेयर ने पुलवामा हमले पर टिप्पणी को लेकर अधिकारी को निलंबित किया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दवा कंपनी जाइडस हेल्थकेयर ने पुलवामा आतंकी हमले को लेकर सोशल मीडिया पर राष्ट्रविरोधी टिप्पणी करने के लिए श्रीनगर में तैनात अपने एक अधिकारी को निलंबित कर दिया। जाइडस हेल्थकेयर की अनुषंगी जर्मन रेमेडीज में मार्केटिंग एक्जिक्यूटिव इकबाल हुसैन ने फेसबुक पर रियाज अहमद वानी नामक व्यक्ति के एक पोस्ट पर टिप्पणी करते हुए कहा था, यह है असल सर्जिकल स्ट्राइक।वानी ने अपने पोस्ट में कहा था, इसे कहते हैं सर्जिकल स्ट्राइक... हुसैन को लिखे लेटर में जाइडस ने कहा है कि उसकी टिप्पणी राष्ट्र-विरोधी है और उससे कंपनी की छवि को नुकसान पहुंचा है।

## सरकार 5,500 करोड़ रुपये की फेम-2 योजना को मंजूरी पर इसी महीने करेगी विचार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में स्वच्छ ईंधन चालित परिवहन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्रीय मंत्रिमंडल इस माह के अंत तक फेम इंडिया योजना के दूसरे चरण को मंजूरी देने पर विचार कर सकता है। इसके लिए वह पांच साल में 5,500 करोड़ रुपये व्यय किए जाने का प्रावधान कर सकता है।



एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि योजना के दूसरे चरण में विभिन्न श्रेणियों के इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहनों के पंजीकरण और पार्किंग शुल्क में छूट देने और सड़क कर से राहत देने जैसे प्रोत्साहन वाले कदम उठाए जाएंगे। हालांकि उन्होंने योजना को लागू करने की अगले पांच साल की अवधि में ई-वाहनों की खरीद के लिए किसी तरह का लक्ष्य होने से इनकार किया। बजाय इसके यह योजना ई-वाहनों की मांग बढ़ाने और चार्जिंग का बुनियादी ढांचा खड़ा करने पर ध्यान देगी।

## लगातार चौथे दिन लगे पेट्रोल, डीजल की महंगाई के झटके

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पेट्रोल और डीजल के दाम में रविवार को लगातार चौथे दिन वृद्धि का सिलसिला जारी रहा। तेल विपणन कंपनियों ने दिल्ली और मुंबई में पेट्रोल के दाम में फिर 16 पैसे, कोलकाता में 15 पैसे और चेन्नई में 17 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है और डीजल की कीमतें दिल्ली, कोलकाता और मुंबई में 12 पैसे जबकि मुंबई में 13 पैसे प्रति लीटर बढ़ गई हैं।

## पुलवामा हमला : क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया ने ढंकी इमरान खान की तस्वीर



**नई दिल्ली(आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले में 44 सीआरपीएफ जवानों की शहादत से पूरा देश गम और आक्रोश में है। इस बीच हैरान कर देने वाली बात ये है कि आतंकियों को शह देने वाले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और पूर्व क्रिकेटर इमरान खान की ओर से इस मामले से जुड़ा कोई बयान व सफाई नहीं दी गई। ध्यान देने वाली बात ये भी है कि अमेरिका, रूस समेत दुनिया के तमाम देशों ने पुलवामा हमले की कड़ी निंदा की है, लेकिन पाकिस्तान का मुंह अभी भी बंद है।इस बीच, क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (सीसीआई) ने अपने एक रेस्त्रां में लगे इमरान खान की तस्वीर को ढंक दिया। बताया जा रहा है कि क्लब ने यह फैसला जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के काफिले पर हुए आतंकी हमले के विरोध में लिया।

## कमल फूल को खिलता हुआ देख ले तो हो जाती है हर मनोकामना पूरी



कमल का फूल मां लक्ष्मी का आसन है और वे लाल कमल के फूल पर विराजमान रहती हैं, इसी वजह से मां लक्ष्मी की पूजा में लाल कमल के फूल का प्रयोग? किया जाता है। ये माना जाता है कि जो व्यक्ति मां लक्ष्मी को लाल कमल का फूल अर्पित करता है उसे कभी भी धन की कमी नहीं होती है। वहीं सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा जी कमल के आसन पर विराजमान हैं, सफेद कमल पर बैठकर ब्रह्मा जी सृष्टि की रचना करते हैं और इसी वजह से इस सफेद कमल के फूल को बहुत महत्व दिया जाता है। शास्त्रों के अनुसार इस फूल को खिलता हुआ देख लेने मात्र से व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं लेकिन इस फूल को खिलता हुआ देखना इतना आसान नहीं हैं। क्योंकि ये ?हिमालय की पहाड़ियों में पाया जाता है और ब्रह्म कमल नाम से विख्यात सफेद रंग का ये फूल साल में एक बार रात के समय खिलता है और सुबह होने तक मुरझा जाता है। इसी वजह से इसे खिलता हुआ देख पाना संभव नहीं होता है। ब्रह्मकमल एकमात्र ऐसा फूल है जिसके खिलने के बाद उसकी पूजा की जाती है। माना जाता है कि दुर्लभ संयोगों के बाद ही इस फूल के दर्शन होते हैं।

## आज का राशिफल

मेषः- आज विचारों को गतिशीलता से दुविधा का अहसास हो सकता है। कोई एक निर्णय पर नहीं आ सकेंगे। आज का दिन आपके लिए नौकरी और धंधे के क्षेत्र में चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

वृषभः- आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। आज आपका दुविधापूर्ण व्यवहार आपको मुश्किल में डाल सकता है। स्नेहीजनों के साथ मतभेद की आशंका है। अनेक प्रकार की चिंता आपको परेशान कर सकती हैं।

मिथुनः- तन मन की ताजगी के साथ आज की शुरुआत होगी। दोस्तों और परिवार के साथ मनपसंद खाना खाने का अवसर मिल सकता है। अच्छे कपड़े पहनकर बाहर जाने का प्रसंग खड़ा होगा।

कर्कः- आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। आज ज्यादा खर्च का दिन है। परिवार का वातावरण ज्यादा अच्छा नहीं रहेगा। मतभेद के प्रसंग खड़े हो सकते हैं। मन में अनेक प्रकार की अनिश्चितता के कारण मानसिक बेचैनी हो सकती है।

सिंहः- आज का दिन आलस्य तथा थकान में बीत सकता है। ेध और वाणी पर संयम रखें, अन्यथा हानि हो सकती है। विचारों में आपका मन अटका हुआ रहेगा।

कन्याः- व्यापारी वर्ग और नौकरीपेशा दोनों के लिए आज का दिन लाभदायी निकलेगा ऐसा गणेशजी कहते हैं। उच्च अधिकारियों की कृपा दृष्टि से प्रमोशन की संभावना दिखाई देगी।

तुलाः- आज नौकरी में उच्च वर्ग के अधिकारियों की नाराजगी सहन करनी पड़ सकती है। व्यवसाय में परेशानी हो सकती है। संतान के भविष्य को लेकर चिंता हो सकती है।

वृश्चिकः- अनैतिक कार्यों से दूर रहें। नए संबंध बनाने से पहले सोचें। धन खर्च ज्यादा होने से आर्थिक परेशानी का अनुभव कर सकते हैं। आपका काम समय से पूरा नहीं होगा। खाने-पीने में ध्यान रखें।

धनुः- आज बौद्धिक तार्किक विचार विनिमय के लिए समय बहुत अच्छा है। समाज में सम्मान मिलेगा। मित्रों के साथ मुलाकात होगी। उनके साथ घूमना फिरना होगा।

मकरः- आज आपको व्यापार धंधे में सफलता मिलेगी, परंतु कानून में न फंसें, उसका ध्यान रखें। व्यापार धंधे के लिए भावी योजना सफलतापूर्वक संपन्न होंगी।

कुंभः- आज आप बौद्धिक शक्ति से लेखनकार्य और सृजन कार्य अच्छी तरह से पूरे कर सकेंगे। आपके विचार किसी एक बात पर स्थिर नहीं रहेंगे और उसमें लगातार परिवर्तन होता रहेगा।

मीनः- आज मकान, वाहन, वगैरह के दस्तावेजों को अत्यंत संभालकर रखना होगा। परिवार का माहौल बिगड़े न, इसके लिए वाद-विवाद टालें। माता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। धन की हानि हो सकती है।

## शाही टुकड़ा बनाने की विधि



**डिनर हो या लंच, खाने के बाद हलवे और मिठाई की जगह इस बार मेहमानों को परोसे कुछ अलग. जिसका स्वाद उन्हें हमेशा रहे याद. शाही टुकड़ा ऐसी ही एक रेसिपी है.**

**सामग्री-** 5-6 ब्रेड स्लाइस, 1/2 लीटर दूध फुल क्रीम (रबड़ी के लिए), 1/4 कप चीनी (रबड़ी के लिए), काजू 5-6 (बारीक़ कटे), बादाम 5-6 (बारीक़ कटे), हरी इलायची पाउडर 1/4 छोटी चम्मच, देसी घी ब्रेड तलने के लिए, ड कप चीनी (चाशनी के लिए)

**विधि :-** एक बर्तन में दूध उबलने के लिए रख दें. दूध में उबाल आने के बाद आंच को धीमा कर दें और दूध को तब तक उबलने दें जब तक वो गाढ़ा होकर आधा न रह जाए. बीच बीच में चलाते रहे जिससे दूध तली में न लगे. गाढ़ा होने के बाद दूध में चीनी, (ऊपर से सजाने के लिए थोड़े से कटे मेवे बचा ले) कटे काजू, बादाम और इलायची पाउडर डालकर थोड़ी देर और उबाल लें. गैस बंद कर रबड़ी को ठंडा होने दें.

एक बर्तन में चीनी और 1/2 कप पानी डालकर गैस पर उबलने चढ़ा दें. 5-7 मिनट में चाशनी तैयार हो जाएगी.

ब्रेड के किनारों को काट के अलग कर दे, उसके बाद ब्रेड स्लाइस को मनचाहे आकार में काट ले. टुकड़े बहुत बड़े नहीं होने चाहिए, एक ब्रेड के चार टुकडें कर लेंगे.

एक पैन में घी गरम करें उसमें ब्रेड के टुकड़ों को डालकर दोनों तरफ से ब्राउन होने तक हल्की आंच पर तल लें.

ब्रेड के सारे टुकड़े इसी तरह तल लेंगे.

अब ब्रेड के हर टुकड़े को चाशनी में डूबा के तुरंत ही निकल लें. फिर इन्हें सर्विंग प्लेट में निकालकर ऊपर से रबड़ी डाल दें. फिर ऊपर से बचे हुए कटे मेवे से सजा दे. तैयार है मेहमानों के लिए शाही टुकड़ा.

## शब्द सामर्थ्य-81

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | ■ | 3 | | 4 | 5 |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ | ■ | 6 | |
| ■ | 7 | | 8 | ■ | 9 | | | |
| ■ | ■ | 10 | | 11 | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | ■ | ■ | 13 | | | ■ | 14 | 15 |
| 16 | 17 | ■ | ■ | | ■ | 18 | | |
| 19 | | 20 | | | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 21 | | | |
| ■ | 22 | | | | | ■ | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 80 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | ■ | स | पू | त |
| ल | ■ | ब | ल | वा | न | ■ | ■ | द |
| म | ह | क | ■ | खा | म | खां | ■ | बी |
| ग्न | ■ | त | ल | ना | ■ | स | फ | र |
| ■ | म | रा | ■ | ■ | ■ | ना | टा | ■ |
| ■ | हि | ■ | स | ■ | ■ | ■ | फ | न |
| ■ | ला | ज | वा | ब | ■ | म | ट | र |
| मां | ■ | ग | ■ | सं | त | ति | ■ | भ |
| ■ | मा | त | ह | त | ■ | ■ | प | क्षी |

## सू-दोकू-81

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.80 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |